**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 13-03-2007**

**Participants : Singh Shri Prabhunath**

>

Title: Need to take steps to open a LPG bottling plant of H.P.C.L. in Mashrakh, district Saran, Bihar - laid.

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** महोदय, बिहार प्रांत अंतर्गत सारण जिला का मशरक प्रखण्ड मुख्यालय सारण जिला का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। मशरक बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित अनुमण्डल मुख्यालय भी है। मशरक में पूर्व से रेलवे स्टेशन, प्रखण्ड मुख्यालय, पुलिस मुख्यालय, दूरसंचार केन्द्र, दूरदर्शन प्रसारण् केन्द्र, केन्द्रीय विद्यालय, महाविद्यालय, उच्च विद्यालय आदि होने की वजह से काफी सघन आबादी वाला क्षेत्र है। मशरक के आसपास का सभी क्षेत्र सड़क एवं रेल मार्ग से जुड़ा हुआ हे।

मशरक एवं आसपास के इलाके में बहुत सारे एलपीजी के उपभोक्ता हैं। परन्तु उत्तरी बिहार में कहीं भी बॉटलिंग प्लांट नहीं है। उत्तरी बिहार के उपभेक्ताओं की आवश्यकता को महसूस करते हुए हिन्दुस्तार पेट्रोलियम कॉरपोरेशन द्वारा पूर्व में मशरक में एलपीजी का बॉटलिंग प्लांट खोलने हेतु सर्वेक्षण किया गया है, परन्तु अभी तक बॉटलिंग प्लांट नहीं खोला जा सका है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि बिहार प्रांत के सारण जिला अंतर्गत मशरक प्रखण्ड मुख्यालय में एच.पी.सी.एल का एलपीजी बॉटलिंग प्लांट खोलने की मांग करता हूं।